## सार-समाचार

### निबंध प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 25

**सांचौर**, (निसं)। तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव के निमित्त राजस्थान सरकार की मंजूरी से आध्यात्म परिवार की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के सांचौर जिले के प्रभारी अशोक बोहरा ने बताया कि राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में प्रत्येक निजी और सरकारी विद्यालय के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का विषय प्रभु महावीर का जीवन एवं उपदेश रहेगा। प्रतिभागी आचार्य विजय योगतिलक सूरीश्वर महाराज की ओर से लिखित आध्यात्म का एवरेस्ट भगवान महावीर पुस्तक से सहयोग ले सकते हैं। प्रत्येक विद्यालय से न्यूनतम 25 और उससे ज्यादा भी विद्यार्थी भाग ले सकते हे। प्रतियोगिता दो विभागों में आयोजित होगी। प्रथम विभाग में कक्षा 6 से 8 तक एवं द्वितीय विभाग में कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राएं आवेदन के योग्य होंगे। प्रतियोगिता 1 से 7 दिसंबर के बीच विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर होगी। राज्य स्तर पर दोनों विभागों के प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को क्रमश: 3 लाख एवं 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तर पर श्रेष्ठ प्रतिभागी को 10 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक जिले के 10 प्रतिभागियों को आश्वासन पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों को संस्था की तरफ से ट्रॉफी एवं प्रत्येक प्रतिभागी को आनलाइन प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लाभार्थी सांचौर जिला में हाडेचा नगर के दानवीर,श्रेष्ठिवर्य बाबूलाल मिश्रीमल भगाजी भंसाली परिवार है।

### जिला कुश्ती प्रतियोगिता 22 को

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 22 नवम्बर को जालोर शहर के सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी इसी दिन दोपहर 12 बजे तक ही अपनी एन्ट्री दें सकते है। जिला कुश्ती ओलंपिक स्टाइल के अध्यक्ष महेंद्र मुणोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि पहलवानों के वजन निम्न प्रकार है। फ्री स्टाइल 57,61,65,70,74,79,86,92,97 व125 किलोग्राम ग्रीको रोमन 55,60 63,67,72,77,82,87,97 व 130 किलोग्राम तथा महिला वर्ग में 50,53,55,57,59,62,65,68,72 व 76 किलोग्राम पहलवानों की उम्र 20 वर्ष से ऊपर होनी चाहिए। जूनियर केटेगरी पहलवान जिनकी आयु 18 ( जन्म 2005) वे 19 (जन्म 2006) वर्ष मेडिकल प्रमाण पत्र तथा अभिभावक अधिकृत करने के आधार पर खेल सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जालोर जिले के मूल निवासी ही भाग ले सकेंगे। सभी पहलवानों को आधार कार्ड, मूल निवास , पासपोर्ट, दो फोटोग्राफ, बैंक खाता पासबुक की फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा। इनमें किसी प्रकार की छूट नहीं होगी। उन्होंने बताया कि चयनित टीम 19 से 21 तक भरतपुर में होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### शिक्षक संघ (रा) की महिला गोष्ठी आज

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबंध राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय महिला विचार गोष्ठी का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक जालोर में 17 नंवबर रविवार को आयोजित होगी। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महिला मंत्री अल्का वैष्णव ने बताया कि जिले भर से पहुंची शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय सेविका समिति की विभाग बौद्धिक प्रमुख डॉ कृष्णा अरोडा द्वारा लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पाथेय प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि महिला विचार गोष्ठी में जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी मोर कंवर एवं सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सामाजिक मूल्यों के संवर्धन एवं संरक्षण पर वार्ता देंगे। महिल विचार गोष्ठी में शिक्षक संघ राष्टीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा भी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पाली मंडल की संयुक्त मंत्री रेखा राठौड, जिला संगठन मंत्री उर्मिला भाटी, कार्यक्रम की सहसंयोजक मीना परमार के नेतृत्व में कमेटियों का गङ्गन कर आयोजन की तैयारियां तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है।

### विज्ञान प्रदर्शनी व 'नो बैग डे' आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी व 'नो बैग डे' यानी बस्ता-मुक्त दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विज्ञान विषयक विभिन्न मॉडल व प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की विज्ञान, गणित एवं तकनीक के प्रति अभिरुचि एवं रचनात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी में चयनित सर्वश्रेष्ठ मॉडल एवं प्रोजेक्ट संभाग स्तरीय प्रदर्शनी के लिए भेजे जाएंगे। आज ही विद्यालय में 'नो बैग डे' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालवाटिका से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां संचालित की गई। बच्चों ने कौशल विकास के तहत मिट्टी के बर्तन और खिलौने बनाने की कला का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया और अपने हाथों से सृजन कर आनंदित हुए। 'नो बैग डे' नई शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई की अभिनव पहल है, जिसमें वर्ष में दस दिवस 'नो बैग डे' के रूप में मनाए जाएंगे।

### परामर्श शिविर आयोजित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। माहेश्वरी हॉस्पिटल, बाड़मेर रोड में शनिवार को नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। परामर्श शिविर में ''शाल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के प्रसिद्ध हड्डी रोग विक्रम शाह के विशेषज्ञों की टीम जिनमे 'डॉ. 'अंकुर महिन्द्रू, डॉ. दिनेश सोनी एवं डॉ. रोहित पंवार (जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं फ्रैक्चर विशेषज्ञ) ने सेवाएं दी। जिसके अंतर्गत 102 मरीज़ों की जांच कर परामर्श दिया गया। जिसमें विशिष्ट तौर पर हड्डी के विकार, टूटी हड्डी, पुराने एवं स्थाई दर्द, घुटने, कमर, कंधे एवं एडी का पुराना और स्थाई दर्द इत्यादि बीमारियों के लिए परामर्श दिया गया। माहेश्वरी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. वी डी जेठा ने स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए चिकित्सकों की पूरी टीम के साथ साथ पैरामेडिकल स्टाफ़ एवं सपोर्ट स्टाफ़ को धन्यवाद दिया। इसी के साथ यह भी बताया की अब माहेश्वरी हॉस्पिटल में मरीजो की सुविधा के लिए अहमदाबाद, जयपुर एवं जोधपुर से सुपर स्पेसिलिटी चिकित्सकों की सेवाएँ परामर्श शिविर के माध्यम से मुहैया करवाएंगे।

### माथुर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**जोधपुर**, (कासं) । न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन (राष्ट्रीय) द्वारा जोधपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार हरिप्रकाश माथुर को जोधपुर जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके इस मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव थत्ते,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश कुमार आचार्य व धर्मेन्द्र बंसल,राष्ट्रीय सचिव शुभम् भार्गव,राष्ट्रीय सहसचिव आशीष तिवारी,राष्ट्रीय महासचिव हरि मोहन जी राठौर एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश कलाल एवं सभी न्यू जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रदान की।

### 526 अधिवक्ताओं का पंजीयन

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (सत्यापन) नियम, 2015 की प्रशासनिक समिति- 1 की बैठक शनिवार को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति ने 526 अधिवक्ताओं का नवीनीकरण किया। नवीनीकरण समिति के सदस्य सुशील कुमार शर्मा एवं कपिल प्रकाश माथुर उपस्थित थे।

### ब्लूमिंग बर्ड स्कूल ने 34 पदक जीते

**जोधपुर**, (कासं) । ब्लूमिंग बर्ड स्कूल ने सनराइज ताइक्वांडो लीग में 9 गोल्ड, 11 सिल्वर व 14 ब्रोंज, कुल 34 पदक जीत कर जोधपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर के ब्लूमिंग बर्ड स्कूल ने सनराइज ताइक्वांडो लीग का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा वर्मा ने बताया कि जोधपुर के लगभग 15 स्कूल के 120 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया।

### जे.डी.ए. में आन साईट रजिस्ट्रेशन कैम्प

**जोधपुर**, (कासं) । शनिवार को जोधपुर विकास प्राधिकरण परिसर में उपपंजीयक 6 मॉडल उपपंजीयक कार्यालय द्वारा ऑन साईट रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप पंजीयक राकेश जैन ने बताया कि इस कैम्प में कुल दस्तावेज 43 पंजीबद्ध किए गए, जिससे राज्य सरकार को 43 लाख 44 हजार 575 रूपये की राजस्व आय प्राप्त हुई।

# 'अडानी का प्लांट तभी लगेगा जब ओरण की जमीन मिलेगी'

## विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने ग्रामीणों के साथ रोष जताया

- जैसलमेर के बईया गांव में ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कार्य
- आप लिखित में देते हैं कि ओरण जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा तो हम आपके सामने काम शुरू करवाएंगे

**जैसलमेर**, (निसं)। जैसलमेर जिले में 15 दिन से ओरण (संरक्षित जमीन) भूमि को बचाने के लिए ग्रामीण दो सप्ताह से धरने पर हैं। शुक्रवार को शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्रसिंह भाटी भी मौके पर पहुंचे और धरने में शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ धोरों में ही रात गुजारी। इससे पहले शुक्रवार दोपहर को पुलिस और भाटी में हल्की बहसबाजी भी हुई।

जैसलमेर के बईया गांव में निजी कंपनी ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण कर रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि ओरण की जमीन को पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। विरोध-प्रदर्शन के बीच शनिवार सुबह रविंद्र भाटी कलेक्टर प्रतापसिंह से मिले। भाटी ने कलेक्टर से मुलाकात के बाद कहा कि जब तक संतोषप्रद जवाब नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शन खत्म करवाने के लिए दो ग्रामीणों को जीप में बैठा लिया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज विधायक भाटी ने दोनों को जबरन उतार लिया। भाटी ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का सबको अधिकार है, आप गिरफ्तार नहीं कर सकते। हालांकि पुलिस का कहना था कि दोनों ग्रामीणों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। इससे पहले भी पुलिस ने 14 लोगों को पकड़ा था। इसे लेकर शिव विधायक ने थाने में धरना देकर लोगों को छुड़ाया था।

धरना स्थल पर बैठे भाटी ने अधिकारियों से पूछा कि ये जीएसएस आप किसके लिए बनवा रहे हैं? ये सरकार नहीं बना रही है। ये तो मल्टीनेशनल कंपनी बना रही है। यहां बिजली का संकट कितना है ये आपको पता है क्या? शिव विधायक ने प्रशासन से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य कानून-व्यवस्था तोड़ने का नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप हमें लिखित में देते हैं कि ओरण जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा तो हम आपके सामने काम शुरू करवाएंगे, जब तक लिखित में नहीं देते हो यह काम शुरू नहीं होगा। आप जनता को लेकर जवाबदेह हैं या कंपनी को लेकर। राजस्थान में जितनी बिजली की खपत होती है उतनी बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर का एरिया दे देता है। फिर भी यहां बिजली का इतना ज्यादा संकट है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ग्राम गाले की बस्ती की निजी खातेदारी के खसरा नंबर 550 व 551 में कंपनी द्वारा स्विच यार्ड का काम शुरू करने के दौरान पुलिस जाब्ता भेजा गया था। इस बीच कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया। इस पर लोगों से समझाकर वहां से हटाया गया। निजी खातेदारी की जमीन पर कंपनी की ओर से जो निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है, वह नियमानुसार है।

वाइस प्रेसिडेंट, अडानी ग्रीन एनर्जी आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि 9.62 एकड़ जमीन पर सब स्टेशन का काम शुरू होना है। सरकार की ओर से 3 हजार 304 एकड़ जमीन मिली है। यहां छह सौ मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। 229 एकड़ जमीन निजी खातेदारी की है। प्रोजेक्ट मैसर्स अडानी सोलर एनर्जी बाड़मेर वन प्राइवेट लिमिटेड का है।

### घी के 9 नमूने लिए

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। शुद्ध आहार मिलावट के वार अभियान के तहत मिलावट खोरो के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) डॉ संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार जांगिड़ की ओर से धोरीमना में दबिश दी गई। इस दौरान घी शक्ति भोग और घी गोमेत्रि के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने तिरसंगडी, थोब एवं पाटोदी में कार्यवाही करते हुए घी मुरली कृष्णा, घी आर एन ए सारस घी डेयरी भोग, घी सुदर्शन, घी बिलोना, घी मुरली भोग, घी संयम, रिफाइन सोयाबीन तेल हिरण और चाय ट्रेक्टर के नमूने लिए।

# पोकरण में सौंदर्यकरण, भूखंड आवंटन व नीलामी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण नगर पालिका की साधारण बैठक शनिवार दोपहर दो बजे मुख्य अतिथि विधायक महन्त प्रताप पुरी, पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पालिका उपाध्यक्ष संजना चंदेल, प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा, अधिशाषी अधिकारी जोधाराम विश्नोई सहित सभी पालिका पार्षद बैठक में मौजूदगी में आयोजित हुई।

पालिका बोर्ड बैठक के दौरान पालिका अधिशाषी अधिकारी द्वारा बोर्ड बैठक के विभिन्न बिंदुवार एजेंटों पर विस्तार से सदन में रखा। बोर्ड बैठक में शहर में सौंदर्यकरण, भूखंड आवंटन व नीलामी करने, कचरा ढोने के वाहनों कि खरीद, सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वही पालिका पार्षदों ने अपने-अपने प्रस्ताव एवं सुझाव सदन में रखें, नगर पालिका कि साधारन बैठक में ध्वनि मत से लिए प्रस्तावित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बोर्ड बैठक में विधायक महन्त प्रताप पुरी ने राजस्थान बजट में 1100 करोड से विधानसभा का विकास कार्य होगा। शहर के सौंदर्यकरण के साथ ही पोकरण पर्यटक रूप में नई पहचान बनायेगा। उन्होंने सदन में कहा किशहर के विकास कार्यों में चार चांद लगेंगे। पालिका क्षेत्र में45 करोड की लागत से पेयजल समस्या का निदान किया जायेगा। वही25 करोड लागत से सीवरेज लाइन बिछाई जायेगी। 25 करोड की लागत से ट्रीटमेंट प्लान सहित शहर के विकास कार्यों पर किये जायेंगे। विधायक महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पोकरण क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोडेगे। नगर पालिका बोर्ड बैठक विधायक महन्तप्रताप पुरी की उपस्थित में कई निर्णय लेते हुए पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने भगवान परशुराम चौक की घोषणा की। वही पंचायत समिति सांकडा के पास पालिका प्रशासन द्वारा भगवान परशुराम चौक मे मूर्ति के साथ नवनिर्माण किया जाएगा। बैठक में प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा, रमेश माली, भतीलाल शर्मा, दिनेश व्यास, सहित सभी पार्षद गण एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्व समिति से एजेंट के सभी प्रस्ताव पारित किए गए।

# मरीजों को फल वितरित किए




जालोर के राजकीय चिकित्सालय में भारत विकास परिषद् ने मरीजों को फल बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद्, जालोर की ओर से परिषद् के सेवा प्रकल्प के तहत आज कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली तथा गुरु नानक देव के 555 वें प्रकाश पर्व पर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मरीजो को फल वितरित किये गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा , समाज सेवी सुरेश जैन तथा चिकित्सालय के उप नियंत्रक डॉ. कमलेश मीणा .डॉ. रमेश कुमार चौधरी, नर्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान की मौजूदगी में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को सुरेश कुमार के आर्थिक सहयोग से फल एवं बिस्किट आदि का वितरण कर उनकी कुशल क्षेम पूछकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गयी।

प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) चौधरी ने बताया कि भारत विकास परिषद् स्वामी विवेकानन्द के संदेश नर सेवा ही नारायण सेवा के ध्येय पर समाज में सेवा के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य कर रही है।

शाखाध्यक्ष भूतड़ा ने भामाशाह परिवार सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर सचिव संतोष कुमार दवे, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, कमल किशोर भूतडा , नैनाराम सुन्देशा, नर्सिंग अधीक्षक वचनाराम गर्ग, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हंजाराम सुंदेशा, केशव ओझा सहित परिषद् सदस्य और चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित थे।

### 21 फीट लंबी हनुमानजी की गदा का पूजन

**जालोर**, (कासं)। कंचन सेवा संस्थान हनवत धाम उदयपुर की ओर से 21 फुट लंबी हनुमानजी की गदा के जालोर में आगमन पर गोगडेश्वर महादेव मंदिर में धर्म प्रेमियों द्वारा पूजन किया गया।

कार्यक्रम में बंशीलाल सोनी, उपसभापति अंबालाल व्यास, डॉक्टर छैल बिहारी शर्मा, पार्षद दिनेश कुमार बारोट, छगन रामावत, दिनेश जीनगर, मुन्ना दास महाराज, सोमनाथ गोस्वामी, चेतन सुंदेशा, तरुण दवे व महिला शक्ति एवं सनातन धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

डॉ. छैल बिहारी शर्मा में बताया कि 17 नवम्बर को सूरजपोल स्थित गणेशजी मंदिर से सुबह 8 बजे पूजन पश्चात यात्रा सारणेश्वर महादेव मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, जबरनाथ महादेव मंदिर, मेघवाल समाज रामदेव मंदिर, गर्ग आश्रम, रोडवेज डिपो माताजी का मंदिर, राजेंद्र नगर जागनाथ महादेव मंदिर, रावणा राजपूत समाज कालका माताजी मंदिर, देवनारायण मंदिर, आशापुरा कॉलोनी स्थित आशापुरी मंदिर हनुमानजी मंदिर, रामदेवजी मंदिर बाईपास,लक्ष्मी नारायण मंदिर पुरोहित समाज, पंचवटी हनुमान जी मंदिर, बाल हनुमानजी मंदिर, भुवनेश्वर माताजी मंदिर, मलकेश्वर मठ महादेव , अस्पताल चौराहा, मेंन बाजार शहर , घाचियों की पिलानी ,तिलक द्वार होकर जलंधर धर्मशाला अखाड़ा पहुंचेगी।

# कुड़ी में जाट समाज की अपील पर दोपहर एक बजे बाजार बंद रहे

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के बहुचर्चित ब्यूटिशियन अनिता चौधरी हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन को आज रिमाण्ड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे एक बार फिर सात दिन की पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस हत्याकांड से जुड़े कुछ और पहलुओं पर जांच करना चाहती है। हालांकि लगभग मामले पूर्ण खुलासा कर दिया है। मगर फिर भी पुलिस को उसकी बातों पर यकीन नहीं हो रहा है, वह हर बार पुलिस को पूछताछ में गुमराह करता रहा है। उसकी पत्नी आबेदा को दो बार पुलिस अभिरक्षा में रखने के बाद गुरूवार को जेल भिजवा दिया गया था।

इधर अनिता चौधरी हत्याकांड को लेकर अब तक 18 दिन बीत रहे है। मगर शव का आज भी दाहसंस्कार नहीं हो पाया है। शव के दाहसंस्कार को लेकर पुलिस और परिजन के बीच में सहमति नहीं बन पा रही है। जाट समाज की तरफ से आज कुड़ी भगतासनी क्षेत्र में सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखने का आ ान कल किया गया था। आज सुबह से ही कुड़ी में बाजार बंद रहे, जाट समाज के युवाओं की टोलियां बाजार में निकलीं और जो कोई दुकान या प्रतिष्ठान खुले नजर आए उन्हें बंद करवाने के साथ अपील की गई।

मृतका अनिता चौधरी के पुत्र राहुल ने काफी दिनों बाद शुक्रवार को मीडिया के मार्फत से पुलिस तक बात पहुंचाई कि यदि उसकी मां का अंतिम संस्कार जबरन किया गया तो वह कमिश्नरेट कार्यालय के आगे आत्मदाह कर लेगा। सरदारपुरा थाने के एसआई विश्राम मीणा के अनुसार दो दिन पहले परिजन को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की तरफ से दाहसंस्कार को लेकर नोटिस तामिल कराया गया था, मगर परिजन ने नोटिस का जवाब नहीं दिया था। शव का पुलिस की तरफ से पहले ही मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा दिया गया था।

परिजन हत्याकाण्ड में किसी और की भी संलिप्तता होने की आशंका में दाहसंस्कार नहीं किए जाने बात को लेकर अड़े है। वहीं पुलिस के अनुसार हत्याकाण्ड लेकर काफी खुलासे के साथ कई और भी जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि हत्याकांड में किसी और के शामिल होने से पुलिस ने अभी तक इंकार कर रही है।

### पांच स्थानों से वाहन चोरी

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में पांच जगहों से दुपहिया वाहन चोरी के मामले दर्ज हुए है।

देनवगर पुलिस ने बताया कि नयापुरा, चौखा निवासी मनोहर सिंह सांखला पुत्र भीमराज सांखला किसी कार्य से कमला नेहरू नगर स्थित टीबी अस्पताल आया था। एक जगह उसने बाइक खड़ी की और काम से चला गया। उसकी बाइक कोई चोरी कर ले गया। इसी तरह सूरसागर पुलिस के अनुसार लोरड़ी पंडित निवासी सुनिल पुत्र इशाराम प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि नारवा खिंचियान गांव से उसकी बाइक चोरी हो गई। बोरानाड़ा थाने में दी रिपोर्ट में पाल बालाजी रोड गुलिस्ता कॉलोनी निवासी फिरोज खान पुत्र सरदार खान ने पुलिस को बताया कि 15 नवंबर को रिको प्रथम चरण में आया। जहां एक फैक्ट्री के बाहर से बाइक चोरी हो गई। माता का थान पुलिस ने बताया कि जालेली नायला निवासी गणेश पुत्र मंगलाराम 80 फीट रोड स्थित मैरिज गार्डन से उसकी बाइक चोरी हो गई।

# बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



सायला के पास एलाना में बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। निकटवर्ती ऐलाना में शनिवार को बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके बाद समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा की गई।

साथ ही बालिका शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। इस दौरान जोताराम बोराणा, देवाराम, कृष्ण कुमार पोषाणा, जगाराम, किशन, पकाराम, राणाराम डांगरा, जोराराम मोकणी, भामाशाह उदाराम विराणा मौजूद रहे।

कार्यक्रम से संबंधित जानकारी भील समाज विकास समिति ब्लॉक सायला के सचिव मास्टर भोलाराम राणा खरल ने दी।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नवारक्षी प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर में आज बुनियादी प्रशिक्षण बैच के कुल 478 नवारक्षियों का 44 सप्ताह का सघन बुनियादी प्रशिक्षण समाप्ति पर दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया।

इस दीक्षांत परेड समारोह में डॉ. अर्चना शिवहरे, भारतीय पुलिस सेवा, महानिरीक्षक, राजस्थान सेक्टर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जयपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली।

मुख्य अतिथि डॉ अर्चना शिवहरे, भारतीय पुलिस सेवा, महानिरीक्षक, राजस्थान सेक्टर ने अपने सम्बोधन में पास आउट हुए सभी नवारक्षियों व उनके परिवारजनों को इस अवसर पर बधाई दी एवं नवारक्षियों से कहा कि आज आप एक मजबूत कड़ी के रूप में इस गौरवशाली बल का हिस्सा बनने जा रहे है। इस गौरवशाली बल में अनुशासन का बहुत महत्व है एवं बुनियादी प्रशिक्षण का मकसद आपके पूरे जीवन को अनुशासन में ढालना, शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। कठोर अनुशासन से आपमें सहनशीलता, निर्णायक युद्ध क्षमता, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रप्रेम, नागरिकों की सुरक्षा व सेवा भाव का संचार होता है। देश के विभिन्न राज्यों से आये ये जवान क्षेत्र, जाति-धर्म, खान-पान, रहन-सहन इत्यादि विविधताओं को दर- किनार करते हुए टीम भावना के साथ सघन बुनियादी प्रशिक्षण में सफल हुए हैं।

साथ ही उन्होने बताया कि अब इन नवारिक्षयों की तैनाती भारतवर्ष के नक्सलवाद, आतंकवाद व उठावाद प्रभावित राज्यों में शान्ति, कानून व्यवस्था व आम नागरिक सुरक्षा मजबूत करने में होगी तथा आंतकवादियों व नक्सलवादियों से मुकाबला करने में इनके द्वारा आर.टी.सी. जोधपुर में सिखलाई तमाम विद्यायें कारगर साबित होगी।

पुलिस उप महानिरीक्षक व प्राचार्य अशोक स्वामी ने आज के इस दीक्षांत परेड समारोह का परिचय देते हुए बताया कि नवारक्षी प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर में आज की दीक्षांत परेड में पास आउट होने वाले 478 नवारक्षी, भारत वर्ष के 12 राज्यों से, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल में भर्ती हुए।

इस प्रशिक्षण संस्थान में, इनका 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण 16 अक्टूबर, 2023 को आरंभ हुआ। इन्हें प्रशिक्षित व सुयोग्य सिपाही बनाने के लिये, इस प्रशिक्षण संस्थान द्वारा इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, यू.ए.सी., फील्ड व बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, फायरिंग, जंगल ट्रेंनिग इत्यादि में दक्ष बनाया गया है।



संवित धाम लाछा बासनी जोधपुर में संवित स्वामी नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में 50000 दीपक की दीपमाला एवं अन्नकूट का आयोजन किया गया। आश्रम की अध्यक्षा रानी ऊषा देवी, कार्यकारिणी के सदस्य एवं साधक मौजूद रहे।

### जोलपुर में जागरूकता रैली

**रेवदर**, (निसं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोलपुर में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रतिराम प्रजापत स्टेट लेवल ट्रेनर व कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा सिरोही ने रैली के सम्पूर्ण उद्देश्यों की जानकारी दी। जिसमे मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जु?वाना, संशोधन करवाना, नाम हटवाना व वोटर हेल्प एप्लिकेशन की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

इस रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य चेतनराम विद्यालय स्टाफ संदीप कुमार, हुक्मीचंद मकराणा, हरीश सुखवाल, गौतम माली, दीपकराज, जयप्रकाश, रविखोजा, रामोतार, केशव कुमार , विनोद कुमार, थानाराम विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया।

# एम.डी.एम. का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचन्दानी ने शनिवार को मथुरादास माथुर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकिर चिकित्सकों की बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं, अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों सहित व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचन्दानी ने अधिकारियों को अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने, पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था, मरीजों एवं परिजनों के ठहरने की उचित व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा, मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉ नवीन किशोरिया सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहे।